आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><><>

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में एशिया की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी–2025 का उद्घाटन किया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के अंतर्गत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में सौ प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है।
- जिला न्यायालय कार्यालय द्वारा ई–सेवा केन्द्र का आज उद्घाटन किया गया।
- श्री विजयपुरम में राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

<><><><><><><><>

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोलहवीं अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह एशिया की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रेल प्रदर्शनी है। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस अवधि के दौरान लगभग पैंतीस हजार किलोमीटर के ट्रैक बनाए गए हैं। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे एक प्रमुख निर्यात केन्द्र के रूप में भी उभर रहा है और हाल ही में भारत में निर्मित इंजन को अफ्रीका को निर्यात किया गया। उन्होंने कहा कि लगभग पन्द्रह देशों के उपकरण निर्माणकर्ता अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं। तीन दिन की प्रदर्शनी के दौरान रेल

मंत्रालय अमृत भारत और तेजस कोच, वंदे भारत रेलगाड़ी, कोलकाता मेट्रो और नमो भारत रेलगाड़ी प्रदर्शित कर रहा है।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के अंतर्गत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में सौ प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। निर्धनता अनुदान को प्रति लाभार्थी चार हज़ार रुपये से दोगुना करके आठ हज़ार रुपये प्रति माह कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि दो आश्रित बच्चों तक के लिए शिक्षा अनुदान को एक हज़ार रुपये से बढ़ाकर दो हज़ार रुपये प्रति माह प्रति व्यक्ति कर दिया गया है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय की ओर से यूजीईडी शिक्षक प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित पाँच दिवसीय वार्षिक सामुदायिक जीवन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज शिविर का दूसरा दिन उन्नत भारत अभियान, नशा मुक्त भारत अभियान और रेड रिबन क्लब की पहल के तहत "सामुदायिक आउटरीच और सामाजिक जागरूकता" विषय पर आधारित था। शिक्षक प्रशिक्षुओं को विभिन्न टीमों में विभाजित किया गया, जिनकी ओर से सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रशिक्षुओं ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, स्कूल लाइन, तुसनाबाद और मंगलूटन का दौरा किया, जहाँ उन्होंने सामाजिक सरोकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के

उद्देश्य से अपने प्रदर्शन प्रस्तुत किए। इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक ज़िम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता की भावना पर जोर देना था। आउटरीच गतिविधियों में कुल एक सौ तीन शिक्षक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

<><><><><><>

विवादग्रस्तो, अधिवक्ताओं और आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए तथा न्याय वितरण प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए आज जिला न्यायालय कार्यालय द्वारा ई–सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सब्यसाची भट्टाचार्य और क्षेत्रीय न्यायाधीश उपस्थित थे। न्यायाधीश सब्यसाची भट्टाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की सुविधा स्थापित करने से न्याय वितरण प्रणाली मजबूत होगी और आम जनता को इससे लाभ मिलेगा। उन्होंने आम जनता से इस प्रणाली से अधिक से अधिक लाभ उठाने और इसकी सेवाओं का उपयोग करने की अपील की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने कहा कि इस प्रणाली से कम पढ़े लिखे लोग और जिनकी पहुंच तकनीक तक कम है उन्हें इससे लाभ मिलेगा। उन्होंने एकल विन्डो के माध्यम से विभिन्न न्यायालय संबंधित जरूरतों के लिए मामले की जानकारी, पूछताछ, ई–फाइलिंग, ऑनलाइन भुगतान, मोबाइल एप्प सहायता, ई–मुलाकात जैसी सेवाएं प्रदान करने पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्रत रॉय ने किया।

<><><><><><>

स्कूली छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और एकता की भावना का संचार करने के प्रयास में, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर में हर साल स्कूल बैंड प्रतियोगिताएँ आयोजित करता है। इस राष्ट्रव्यापी पहल के तहत, समग्र शिक्षा, केंद्र शासित प्रदेश मिशन प्राधिकरण द्वारा 14 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे राजकीय बालक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, श्री विजयपुरम में राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल सात टीमों – लड़को के वर्ग में तीन और लड़कियों के वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया। प्रदर्शनों का मूल्यांकन नौसेना, सेना और पुलिस विभागों के प्रतिष्ठित बैंड मास्टर्स द्वारा किया गया। लड़कियों के बैंड वर्ग में, बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लड़कों के बैंड वर्ग में विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय लंबा लाइन ने पहला स्थान प्राप्त किया। शिक्षा निदेशक प्रभारी डॉ. जतिंदर सोहल समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों की प्रतिबद्धता और कलात्मकता की सराहना की और विजेताओं को बधाई देते हुए, उन्हें आगामी दक्षिणी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। समापन समारोह के अवसर पर विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तेलंगाना में दक्षिणी क्षेत्रीय स्तर की बैंड प्रतियोगिता में केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए लड़के और लड़कियों दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ स्कूल बैंड टीमों का चयन करना था, जहाँ से टीमों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी के लिए किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, जिससे पूरे देश को लाभ हो रहा है। वस्तु और सेवा कर सुधार के प्रभावों की कड़ी में आज प्रस्तुत है संशोधित दरों से नागालैंड में विभिन्न उद्योगों को मिलने वाली मजबूती के बारे में एक रिपोर्ट –

<><><><><><>

डॉ. भीम राव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में बी–टेक नवंबर और दिसंबर दो हजार पच्चीस के परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण सोलह और सत्ताईस अक्टूबर से शुरू होगा। बी–टेक प्रोग्राम सिविल, सीएसई और ईसीई के बकाया पेपर वाले उत्तीर्ण छात्र इसके लिए पात्र है। परीक्षा पंजीकरण, परीक्षा शुल्क भुगतान और थ्योरी व प्रैक्टिकल परीक्षा से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक समन्वयक और शैक्षणिक सदस्यों से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में हिन्दी कैजुअल असाइनीस के लिखित परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सफल उम्मीदवारों के लिए अटठारह अक्टूबर को आकाशवाणी के स्टूडियो में स्वर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को सुबह साढ़े नौ बजे से पहले आकाशवाणी श्री विजयपुरम उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><>